Prabhat Khabar   Edition Patna
21.4.2017 Page 13
Height cm Width cm

बच्चों के आधार कार्ड के लिए फिर से चलेगा अभियान

पटना. राज्य के सरकारी स्कूलों के सभी बच्चों का आधार कार्ड निर्माण के लिए फिर से अभियान चलेगा. इसके लिए शिक्षा विभाग ने कैलेंडर जारी कर दिया है. मई महीने तक आधार कार्ड निर्माण की प्रक्रिया पूरी की जायेगी और 30 जून तक इसे डाटाबेस कर दिया जायेगा. राज्य के 2.49 नामांकित बच्चों में से अब तक सिर्फ 1.67 करोड़ का ही आधार कार्ड बन सका है. शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव आरके महाजन ने सभी जिलों के जिला पदाधिकारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी को इसके निर्देश दे दिये हैं. शिक्षा विभाग ने निर्देश दिया है सरकारी की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बच्चों के सीधे बैंक खाते में जाता है. बैंक खाते का आधार नंबर से लिंक होना जरूरी है. इसलिए सभी बच्चों का आधार कार्ड निर्माण करना और उसे बैंक खाते से लिंक करवाना है, ताकि बच्चों को योजनाओं का समय पर लाभ मिल सके. जिन बच्चों का आधार नंबर जेनरेट हो चुका है, लेकिन बच्चों, उनके अभिभावकों व शिक्षकों को पता ही नहीं है कि आधार नंबर मिल गया है.